तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 28 सितंबर 2025



14 देशभक्तिः एक किलोमीटर तिरंगे के साथ निकाली यात्रा





14 वार्ड नं. 14 में 2.25 करोड़ से होंगे विकास कार्य




## खबर संक्षेप

### बाइक ने पीछे से बुजुर्ग को टक्कर मारी, घायल

**गोहाना।** गांव बुटाना में कोहला रोड पर पीछे से बाइक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक चालक को भी चोट आई। बुजुर्ग को पीजीआइ रोहतक रेफर किया गया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव बुटाना के रौनक ने बताया कि रिश्ते में उसका दादा कर्ण सिंह लगभग 15 वर्ष से उनके परिवार के साथ रह रहा है। वह कोहला रोड स्थित खेत से ज्वार लेकर आ रहा था। रास्ते में उसके दादा कर्ण सिंह पैदल खेत की तरफ आ रहे थे। गांव बुटाना की तरफ से एक व्यक्ति तेज रफ्तार में बाइक लेकर आया और पीछे से उसके दादा को टक्कर मार दी।

### महिला के गले से सोने की चेन झपटी, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में नवरात्रि की खरीदारी लौटते समय महिला से सोने की चेन लूटने की घटना सामने आई है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक सवार दो बदमाशों की तलाश के प्रयास कर रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### वीर ढाबा हत्याकांड में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** बहालगढ़ जीटी रोड स्थित वीर ढाबा पर युवक की गोली मारकर हत्या और दूसरे युवक पर जानलेवा हमले की सनसनीखेज वारदात में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले की एसएयूजी यूनिट सेक्टर-7, सोनीपत की टीम ने घटना में संलिप्त आठवें आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राहुल निवासी गुढ़ा, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत मे पेश किया।

### अवैध हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की एसएयूजी यूनिट सेक्टर-7, सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने की घटना में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नितिश उर्फ माईकी, निवासी जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी गांव रसोई, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार 26 सितंबर को पुलिस टीम गस्त-पड़ताल के दौरान अंसल रोड, नांगल कलां मोड़, टीडीआई सिटी, कुंडली में खुफिया सूचना पर कार्रवाई कर रही थी। सूचना मिली कि नितिश उर्फ माईकी के पास अवैध हथियार है और वह किसी के इंतजार में खड़ा है।

### आज होगी 10 हजार 702 की परीक्षा, जिले में बनाए गए 380 परीक्षा केंद्र

# 12 हजार से ज्यादा के चेहरे पर मुस्कान शुरू हुआ प्रमाण पत्र देने का काम

- मार्च में परीक्षा उतीर्ण करने वाले 6 हजार 351 को एक माह बाद प्रमाण पत्र वितिरित किए जाएंगें

*उल्लास योजना के तहत पिछले वर्ष सितंबर में परीक्षा पास करने वाले 12,716 निरक्षरों को प्रमाण पत्र दे रहा है विभाग, मार्च में परीक्षा पास करने वाले 6 हजार से अधिक निरक्षरों को एक माह बाद प्रमाण पत्र वितिरित करने का काम शुरू किया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निरक्षरों को साक्षर करने की योजना के तहत शुरू की गई उल्लास योजना ने 12 हजार से अधिक निरक्षरों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। उल्लास योजना के तहत पिछले वर्ष सितंबर में परीक्षा देकर पास होने वाले निरक्षरों को प्रमाण पत्र देने का काम शुरू कर दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग ने परीक्षा पास करने वाले 12 हजार 716 निरक्षरों को उल्लास केंद्र या घर-घर जाकर प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं। दूसरी ओर मार्च में परीक्षा पास करने वाले 6 हजार से अधिक निरक्षरों को एक माह बाद प्रमाण पत्र वितिरत करने का काम शुरू किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर रविवार को जिले में 10 हजार से अधिक निरक्षर परीक्षा देंगे। इसमें 79 वे निरक्षर भी शामिल रहेंगे, जोकि पिछली परीक्षा को पास नहीं कर पाए थे।

बता दें कि उल्लास योजना के तहत प्रदेश में कुल 9 लाख व जिले में 44,540 निरक्षरों को वर्ष 2027 तक शिक्षित किए जाने का लक्ष्य रखा है। जिले को 100 फीसदी साक्षर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इस योजना के तहत जिला शिक्षा विभाग नेशनल ओपन स्कूल के सहयोग से अब तक जिले के 19,146 निरक्षरों को परीक्षा दिलवा चुका है। नेशनल ओपन स्कूल के सहयोग से विभाग ने वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र के तहत 12,795 निरक्षरों की सितंबर 2024 व 6351 की मार्च 2025 में परीक्षा ली गई थी। अब शिक्षा विभाग ने वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र के सितंबर 2024 में परीक्षा देने वाले निरक्षरों को प्रमाणपत्र वितरण का कार्य शुरू कर दिया है।





**सोनीपत।** परीक्षा पास करने वालों को प्रमाण पत्र वितिरित करते हुए।

### 25 हजार को साक्षर करने का टारगेट

निरक्षकों को शिक्षा का ज्ञान देकर उन्हें पढ़ने-लिखने, हस्ताक्षर करने में निपुण बनाना है। जिला में वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र में 25 हजार निरक्षरों को शिक्षित करने की योजना है। अब तक जिला में पंजीकरण करवाने वाले सभी सात ब्लॉक के 10702 निरक्षरों की 28 सितंबर को 380 केंद्रों पर परीक्षा ली जाएगी। नए निरक्षरों का पंजीकरण होने के साथ विभाग के स्वयंसेवक उन्हें घर या गांव में बने उल्लास चेतना केंद्र में छह माह में 200 घंटे पढ़ाकर शिक्षा देंगे।

### आज परीक्षा देंगे 10702

सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य से प्रदेशभर में चलाई जा रही उल्लास योजना के तहत सोनीपत में पंजीकरण करवाने वाले 10702 निरक्षर रविवार को होने वाली परीक्षा में भाग लेंगे। सभी सात ब्लॉक में बनाए गए 380 केंद्रों पर परीक्षा के दौरान निरक्षरों का मूल्यांकन सरल भाषा व व्यवहारिक प्रश्नों के आधार पर किया जाएगा। विभाग सुबह 10 से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित करेगा, लेकिन परीक्षा का समय 3 घंटे रहेगा। दिनभर चलने वाली परीक्षा में पंजीकरण करवाने वाले निरक्षर किसी भी समय केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकेंगे।

### निरक्षरों को दिए प्रमाणपत्र

उल्लास योजना के तहत सितंबर 2024 में परीक्षा देने वाले निरक्षरों को प्रमाणपत्र वितरित किए जा रहे है। जिलाभर में 28 सितंबर को 380 केंद्रों पर 10702 निरक्षरों की परीक्षा ली जाएगी।

**-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**

### किस ब्लॉक में कितने निरक्षर देंगे परीक्षा

| | |
|---|---|
| गन्नौर | 2207 |
| गोहाना | 1850 |
| कथूरा | 674 |
| खरखौदा | 1082 |
| मुंडलाना | 961 |
| राई | 1173 |
| सोनीपत | 2755 |
| कुल | 10702 |

### 79 नहीं हो गए थे फेल

सितंबर 2024 में 12716 निरक्षरों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जबकि 79 निरक्षर सफल नहीं हो पाए थे। इनमें गन्नौर में 9, कथूरा में 3, खरखौदा में 39, मुंडलाना में 6, राई में 22 निरक्षर परीक्षा में फेल हो गए थे। इन लोगों को पुनः अध्ययन के साथ परीक्षा का मौका दिया गया है।

## ग्रामीण के कमरे की छत गिरी सामान हुआ खराब, भेड़ें मरी

- ग्रामीण ने कमरे से बाहर भागकर जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शनिवार तडक़े गांव सिकंदरपुर माजरा में एक ग्रामीण के कमरे व बरामदे की छत छह गई। मलबे में दबने से बरामदे में बंधी 2 भेड़ों की मौत हो गई और पांच घायल हो गई। कमरे में रखा समान भी बर्बाद हो गया। ग्रामीण ने कमरे से बाहर भागकर जान बचाई।

ओमप्रकाश के माता-पिता का निधन हो चुका है। उसकी पत्नी का भी स्वर्गवास हो चुका है और बेटी की शादी की जा चुकी है। वह गांव में अकेला रहता है। उसने अपनी आजीविका चलाने के लिए भेड़ें पाल रखी थी। उसके मकान में एक कमरा और बरामदा है। बरामदे में भेड़ों को बांधता था और कमरे में खुद सोता था। कमरे के अंदर ही सामान रखे हुए था। शनिवार तडक़े लगभग चार बजे उसे छत पर लगाई गई कड़ियों से आवाज सुनाई दी और मिट्टी भी फर्श पर आकर गिरी। वह भागकर कमरे से बाहर निकल गया। कुछ ही देर में कमरे और बरामदे की छत ढह गई। मलबे में दबने से उसकी दो भेड़ों की मौत हो गई और पांच भेड़ें घायल हो गई। मलबे में दबने से कमरे में रखा सामान खराब हो गया। गांव की सरपंच रामरती ने घटना पर खेद जताया और प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की।



**गोहाना।** छत गिरने से नीचे पड़ा हुआ मलबा। *फोटो : हरिभूमि*

## खंडहर मकान में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

सोनीपत। सेक्टर 27 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 15 के पास स्थित एक खंडहरनुमा मकान में 35 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव गली-सड़ी हालत में होने के कारण इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सेक्टर 27 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फॉरेंसिक चिकित्सक न होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव को सुरक्षित रखवाया गया है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि आसपास के इलाकों में गुमशुदगी के मामलों की जांच की जा रही है और मृतक की शिनाख्त के लिए फोटो और जानकारी संबंधित थानों में भेजी गई है। जांच अधिकारी सतपाल ने बताया कि मृतक की पहचान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई यह हादसा था, आत्महत्या या फिर हत्या। पुलिस ने मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और खंडहर मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## औद्योगिक क्षेत्र में तीन करोड़ से बन रही ईएसआई डिस्पेंसरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में करीब तीन करोड़ की लागत से बनने वाली ईएसआई डिस्पैंशरी के निर्माण का कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा। निर्माण एजंसी की माने तो नवम्बर माह में भवन का काम पूरा करके विभाग को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद लंबे समय से भवन न होने से परेशान चल रहे ईएसआई डिस्पैंशरी के चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को राहत मिलेगी। ईएसआई डिस्पैंशरी में दवाएं लेने आने वाले रोगियों को भी बैठने की सुविधा मिलेगी। ज्ञात रहे कि हाल में जो डिसपैंशरी चल रही है। उसको अस्थाई रूप से तैयार करके चलाया गया है। जिसमें न तो चिकित्सकों के बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही दवाईयां रखने की। ऐसे में परेशान होकर चिकित्सक व स्टाफ काम चला रहे है। परेशान चिकित्सक व स्टाफ के अलावा दवाई लेने आने वाले मरीज भी इंतजार कर रहे है कि कब ईएसआई डिस्पैंशनरी का नया भवन तैयार हो और परेशानी से निजात मिले।



**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बन रहा ईएसआई डिस्पैंशरी का नया भवन।

### नई डिस्पेंशरी भवन में सभी सुविधाएं मिलेंगी

नए डिस्पैंशनरी भवन में चिकित्सकों के बैठने के लिए कमरे,दवाईयां रखने के अलग से रूम, आर्युवैदिक चिकित्सक, योगा हाल का योग करने के लिए निर्माण किया जा रहा है। ड्रैसिंग रूम, लैब, नए भवन में चिकित्सकों व मरीजों के लिए शौचालय व अन्य सभी सुविधाओं का ध्यान रखकर बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के संचालक मनोज खत्री ने बताया कि वे नवम्बर माह तक ईएसआई डिस्पैंशनरी के नए भवन का काम कर देंगे। अभी निर्माण का काम आखरी चरण में है।

## त्योहारी सीजन में बिजली कटौती से बढ़ी व्यापारियों की परेशानी

**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर बाजार में लगातार दो दिन से बिजली आपूर्ति बाधित रहने पर शनिवार को दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। व्यापारियों ने बाजार में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और बिजली निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो बिजली निगम का घेराव किया जाएगा। व्यापारियों का कहना है कि नवरात्र के चलते बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन लगातार हो रही बिजली कटौती ने उनकी दिक्कतें बढ़ा दी हैं। त्योहारी सीजन में जहां ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद रहती है, वहीं बिजली बाधित होने से ग्राहकों और दुकानदारों दोनों को असुविधा झेलनी पड़ रही है। व्यापारियों का आरोप है कि पिछले दो दिनों से बिजली निगम मरम्मत कार्य का हवाला देकर सप्लाई बाधित कर रहा है, जिससे उनका कारोबार ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। व्यापारियों ने कहा कि अगर यह स्थिति और दिनों तक बनी रही तो वे मजबूरन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।







### 21 को स्कूटी, 85 को टैब, 110 छात्रों को दी साइकिल

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व विधायक ने छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को रंगीन बना दिया।

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले 216 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए बीएसटी ग्राउंड में देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी की ओर से छठा व सातवां युवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर रहे। उन्होंने 21 होनहारों को स्कूटी, 85 को टैबलेट और 110 को साइकिल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग पहुंचे। बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को रंगीन बना दिया। 'मैं मनोहर लाल बोल रहा हूं' गीत पर प्रस्तुति देख खट्टर भी गदगद हो उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी संस्थापक व विधायक देवेंद्र कादियान ने की। समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, राई विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत विधायक निखिल मदान, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, बिजेंद्र मलिक, मेयर राजीव जैन, अभिमन्यु यादव, डीसी सुशील सारवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







**सोनीपत।** दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते मनोहर लाल, देवेन्द्र कादियान व विधायक कृष्णा गहलावत व अन्य तथा स्कूटी लेने वाले मेधावी छात्रों के साथ केंद्रीय मंत्री साथ में देवेन्द्र कादियान।

### खट्टर बोले, बिना पर्ची, बिना खर्ची मिल रही नौकरी

मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हमारी सरकार ने योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। अब बच्चों को माता-पिता की जमीन या जेवर बेचने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय मंडी को सफल बनाने के लिए गन्नौर-बड़ौत और गोहाना-गन्नौर के बीच नेशनल हाईवे की योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि रेपिड ट्रेन दिल्ली से करनाल तक, आईआईटी, रेल फैक्टरी और आईएमटी जैसे प्रोजेक्ट्स युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

**स्कूटी पाने वाले 21 मेधावी छात्रः** अदिति, माही, नेहा, दिव्यांशी, अंजली, खुशी, कोमल, हिमांशी, श्रुति, आंचल, लक्की, प्राची, दिपानकित पाहुजा, तनवी, इशिका, काश्वी, प्रीति, महिमा, कशिश, प्रियंका, नैंसी को स्कूटी मिली।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया

▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

## क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

## 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

## रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी



एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।

## हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

## किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

## क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

## स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

■ बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी

■ अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े

■ कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत

■ त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

अलर्ट

विनोद कौशिक

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

## बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

## कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

## स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

●कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न ●अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें

●एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो ●जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई

●फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

तैयारी

बिजनेस डेस्क

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना ज़रूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

## म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

## डिजिटल गोल्ड–सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।




## कहां निवेश करें?

▶▶ फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।

▶▶ पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)–गारंटीड रिटर्न

▶▶ लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

## यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

## कैसे करें निवेश?

▶▶ बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।

▶▶ पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें

▶▶ पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए आप उन लोगों या छोटे बिज़नेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।

▶▶ आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।

**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति

समझदारी

सुश्री विद्या अय्यर

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

## एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



## एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

## विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मजबूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

## क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

## एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

## एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

## एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

1. **रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।

2. **जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।

3. **वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आज होगा

**सोनीपत।** श्री श्याम सेवक परिवार द्वारा 28 सितंबर को गीतांजली गार्डन मुरथल रोड में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे आयोजित किए जा रहे इस विवाह समारोह में 14 कन्याओं का विवाह करवाया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए सीए अनुज मंगला ने बताया कि कार्यक्रम में डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर दिलीप सिंह उर्फ खली व महाभारत के पात्र अर्जुन पधारेंगे।

### आज मनाया जाएगा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का जन्मदिन

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के 64वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में, भाजपा जिला सोनीपत द्वारा विशेष आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री ने बताया कि आयोजन 28 सितंबर को सेक्टर- 8 स्थित स्वर्ण कमल भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न होगा। आयोजन को सामान्य जन्मदिवस समारोह से कहीं बढ़कर, एक संगठनात्मक पर्व के रूप में मनाने की तैयारी की है।

### क्रेटा की टंकी फुल करवा भागने का आरोपी दबोचा

**गोहाना।** सदर थाना की पुलिस ने सिरसाढ़ मोड़ के निकट पेट्रोल पंप से क्रेटा गाड़ी की टंकी फुल कराकर बिना भुगतान के भागने की घटना में आरोपित गांव बरोदा के प्रवीण उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित इससे पहले गुरुग्राम व रोहतक में छह बार यह काम कर चुका है। आरोपित शराब पीकर यह काम करता था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### सेक्टर 27 से संदिग्ध हालात में युवक लापता

**सोनीपत।** सेक्टर 27 थाना क्षेत्र से एक 35 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक के अचानक गायब होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने काफी तलाश के बाद भी जब युवक का कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत में हरियाणा सरकार के सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शनिवार को भारतीय संविधान पर पेंटिंग प्रतियोगिता और कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर दीवारों पर संविधान आधारित पेंटिंग बनाईं व उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रिंसिपल विक्रम सिंह ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

### गिरता लिंगानुपात बन रहा चुनौती : डॉ. मंजरी

**सोनीपत।** सारथी जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को शिव शक्ति वमावि सोनीपत में आखिर कन्यापूजन कब तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सुमन मंजरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि कन्यापूजन हमारे समाज की पुरानी परंपरा रही है जोकि समाज की स्त्रियों में सम्मान और स्थान को दर्शाता है। आज लड़कियों ने हर क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराई है।

### विश्वकर्मा चौक से शुरू किया सफाई अभियान

**सोनीपत।** सेवा पखवाड़े के तहत विश्वकर्मा चौक से अभियान की शुरुआत की गई। चौक एवं मूर्ति की पानी से धुलाई करके पुष्प अर्पित किये गए। चौक से फ्लाईओवर तक सड़क के किनारे कई दिनों से पड़ा कूड़ा उठवाया गया। मेयर राजीव जैन के नेतृत्व में स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर सोनीपत अभियान के तहत हर शनिवार चलने वाले अभियान में सफाई कर्मियों के साथ भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### फर्स्ट एड परामर्श सत्र का आयोजन किया

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में रेड क्रॉस और फर्स्ट एड परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य परामर्शक की भूमिका राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर ऑफ फर्स्ट एड सुनीता ढुल (पी.जी.टी भूगोल अध्यापिका, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत) ने निभाई।

## केन्द्रीय मंत्री ने स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का किया शुभारंभ

# स्वच्छ बनाने में एकता और अंत्योदय की भावना जरूरी

### पहल के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया

**स्वच्छ शहर जोड़ी पहल में अग्रणी भूमिका निभाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमें एकता और अंत्योदय की भावना के साथ देश के शहरों को स्वच्छ व गंदगी मुक्त बनाना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दो विचार रखे थे—एक राजनीतिक आजादी और दूसरा गंदगी से आजादी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत कर गांधी के इस संकल्प को आगे बढ़ाया। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल शनिवार को आईआईटी एजुकेशन सिटी कैंपस, सोनीपत में स्वच्छ शहर जोड़ी (एसएसजे) पहल का शुभारंभ करते संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम में करनाल से जुड़े और कहा की स्वच्छ शहर जोड़ी पहल में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाएगा। हरियाणा के सोनीपत व करनाल नगर निगम से पांच-पांच नगर पालिकाओं को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने देश के शहरों को स्वच्छ करने के लिए शुरू की गई । इस बेहतरीन पहल के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत 72 मेंटर शहर और लगभग 200 मेंटी शहर जोड़े गए हैं। यह शहरी कचरा प्रबंधन क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा सिटी-ट्विनिंग ढांचा सिद्ध होगा। चयन हाल ही में हुए स्वच्छ सर्वेक्षण के आधार पर किया गया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को मेंटर और सुधार की आवश्यकता वाले शहरों को मेंटी बनाया गया है।



केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल, विधायक कृष्णा व मेयर राजीव जैन कार्यक्रम के दौरान।

#### एमओयू पर हस्ताक्षर किए

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में हरियाणा के करनाल और सोनीपत नगर निगम ने 5-5 छोटे शहरों को स्वच्छता में सहयोग देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। करनाल नगर निगम सीवन, इस्माईलाबाद, कालांवाली, नारनोंद और राजौंद नगर पालिका का मार्गदर्शन करेगा, जबकि सोनीपत नगर निगम पटौदी, फरुखनगर, कुंडली, नारनौल और होडल को सहयोग करेगा।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 26 अगस्त को एसएसजे पहल हेतु आधिकारिक दिशानिर्देश जारी कर 100-दिवसीय कार्ययोजना की शुरुआत की है। इस अवधि में प्रत्येक शहर जोड़ी संयुक्त कार्य योजनाएं बनाएगी जिनमें स्पष्ट लक्ष्य व मील के पत्थर होंगे, साइट विजिट और प्रत्यक्ष अनुभव आधारित शिक्षण करेगी, सफलताओं की साझेदारी और चुनौतियों का समाधान निकालेगी तथा दीर्घकालिक क्षमता निर्माण की नींव रखेगी। इस प्रयास का मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में किया जाएगा। इस अवसर पर राय से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, अर्बन डेवलपमेंट मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी रूपा मिश्रा, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कमिश्नर एवं सचिव विकास गुप्ता, उपयुक्त सुशील सारवान, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# निबंध लेखन स्पर्धा में तमन्ना अव्वल

- जीवीएम गर्ल्स कालेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा हीरोज-डे के उपलक्ष्य में जीवीएम गर्ल्स कालेज में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए सम्मानित किया।

जीवीएम की लिगल लिट्रेसी सैल के तत्वावधान में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संयोजक प्राध्यापिका डा. रेनु रानी ने बताया कि द रोल एंड सेक्रिफाइस ऑफ हरियाणा हीरोज इन नेशन बिल्डिंग विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने बेहतरीन रचनाओं प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में तमन्ना ने प्रथम तथा बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष की खुशी व बीबीए प्रथम वर्ष की अंजलि ने संयुक्त रूप से द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की मुस्कान व बीएससी की नेहा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन प्राध्यापिका कमलेश चोपड़ा व डा. वंदना मलिक ने किया।


सोनीपत। प्रतिभागी छात्राओं के साथ कॉलेज स्टाफ। फोटो :हरिभूमि



गोहाना। गरबा उत्सव में छात्राओं संग कुलपति प्रो. सुदेश व शिक्षकगण।

### गरबा उत्सव में झूमे शिक्षक-छात्राएं

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में नवरात्रि के उपलक्ष्य में छात्रावास में रहने वाली छात्राओं व विवि परिसर में रह रहे समस्त स्टाफ के लिए गरबा नाइट का आयोजन किया । चीफ वार्डन प्रो. शालिनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्यातिथि छात्राओं को भारतीय संस्कृति से परिचित करवाया। कुलपति ने कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का पर्व है। यह उत्सव न केवल भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि यदि हम संगठित, अनुशासित और सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ें तो अंधकार पर प्रकाश की, असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई की विजय संभव है। उन्होंने कहा कि गरबा और डांडिया सिर्फ नृत्य नहीं हैं—ये हमारी संस्कृति, एकता और सामूहिक आनंद का प्रतीक हैं। जब आप ताल और लय के साथ एक दूसरे के साथ नृत्य करते हैं तो वह समरसता और सहयोग की भावना को भी दर्शाता है।

### ज्ञान गंगा ग्लोबल के खिलाड़ी चमके

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की सेपकटकरा टीम ने 5 वीं सीनियर सोनीपत जिला सेपकटकरा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस टीम के खिलाड़ियों ने पूरे चैंपियनशिप में चुस्ती-फुर्ती व बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। स्कूल के दो खिलाड़ी दक्ष व अंशुल का चयन उनके प्रदर्शन के आधार पर सोनीपत जिले की टीम में किया गया है। ये दोनों खिलाड़ी अब सोनीपत की तरफ से रोहतक में होने वाली हरियाणा स्टेट सेपकटकरा चैंपियनशिप में शिरकत करेंगे। स्कूल में उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने इन्हें बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष , खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी आदि मौजूद रहे।

### वित्तीय समावेशन से होगी गरीबी दूर

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस गतिविधि का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुमन रानी द्वारा किया गया। इस गतिविधि का विषय भारत में गरीबी रहा। जिसमें कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। भारत में गरीबी एक जटिल समस्या है जिसका मुख्य कारण बेरोजगारी, अधिक जनसंख्या, कम कृषि उत्पादकता, शिक्षा की गुणवत्ता में कमी, ऐतिहासिक औपनिवेशिक प्रभाव है। सरकार शिक्षा में सुधार, रोजगार में सृजन, सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन द्वारा लगातार प्रयास कर रही है।


खरखौदा। समूह चर्चा में भागीदारी करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


खरखौदा। निर्माणाधीन नाले के कारण कीचड़ से गुजरते राहगीर।

### नाला निर्माण असुविधा का कारण बना

**खरखौदा।** मटिंडू मार्ग पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत से नालों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। जिसमें पहले ही दिन से ठेकेदार की लापरवाही उजागर हो गई। ठेकेदार ने नालों का एक सिरे से निर्माण करने की बजाय बीच से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसके चलते पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल गया। स्थिति यह है कि पूजा स्थल पर आने-जाने वाले भक्तों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पास की बस्ती में जाने वाला रास्ता भी बाधित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका व ठेकेदार को सबसे पहले जमा हुए पानी का निकास करना चाहिए, ताकि नाले का निर्माण सुचारु रूप से हो सके और लोगों को परेशानी न हो। राहगीरों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। मौजूदा हालातों में आम जनता को निर्माण कार्य के लाभ की बजाय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र उचित कदम उठाने की मांग की है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा के नेतृत्व में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को होटल मैनेजमेंट विभाग और ईको क्लब द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 14 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजवीर नरवाल और डॉ. परीक्षित ने निभाई। मुस्कान ने प्रथम, सुहानी ने द्वितीय और सविता तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज इंचार्ज डॉ.किरण सरोहा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉ.) प्रमिला , डॉ. विजयदीप, डॉ. सुमित , ईश्वर दहिया, मोहित, अमित, राजवीर, डॉ.परीक्षित, मनदीप, परमवीर, कर्मवीर मौजूद रहे।


खरखौदा। बनाए गए पोस्टर प्रदर्शित करते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### तीरंदाजी में टीका राम गर्ल्स कॉलेज ने जीता पदक

**सोनीपत।** हाल ही में मदवि द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने विजेता छात्राओं का कॉलेज पहुंचने पर फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता 19 से 20 सितम्बर को अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) में आयोजित की गई थी। इसमें बी.पी.एड की छात्रा कीर्ति तथा बी.एससी. स्पोर्ट्स की छात्रा सैमपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिकाएं डॉ. अल्का और सविता ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद दिया।


सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में प्रशिक्षकों के साथ प्राचार्या एवं अन्य स्टाफ।

### शिक्षण विधियों पर कार्यशाला हुई

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को प्रशिक्षकों कविता खन्ना और रजनी हुड्डा द्वारा शिक्षण परिणामों और शिक्षण विधियों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए शिक्षण परिणामों को प्रभावी शैक्षणिक रणनीतियों के साथ जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। परियोजना-आधारित शिक्षण, फ्लिप्ड क्लासरूम, गेमिफिकेशन और प्रौद्योगिकी एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करके, कार्यशाला ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षक कैसे एक आकर्षक और सहायक शिक्षण वातावरण बना सकते हैं जो छात्रों के बौद्धिक विकास, व्यक्तिगत विकास और रोजगार कौशल को बढ़ावा देता है। यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए एक मूल्यवान अनुभव था, जिसने उन्हें शिक्षण पद्धतियों को बेहतर बनाने और छात्रों के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की। प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य अध्यापकों को बेहतरीन शिक्षण पद्धतियों के बारें में अवगत करना है।

# इको वैन में बिठाकर 18 बच्चों को ले जाया जा रहा था स्कूल

- निजी स्कूल की वैन में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



एटलस रोड स्थित एक निजी स्कूल की इको वैन में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी का मामला सामने आया है। वायरल हो रही वीडियो में एक वैन में 18 बच्चों को बैठाकर परिवहन किया जा रहा था, जबकि वाहन की क्षमता इससे काफी कम है। इतना ही नहीं, आशंका यह भी है कि उक्त वैन का चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहा था। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 3/181 के अनुसार बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। इसी तरह धारा 39/192ए के अंतर्गत बिना वैध परमिट या निर्धारित शर्तों का उल्लंघन कर वाहन का प्रयोग करना भी कानून का गंभीर उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त, स्कूली वाहनों के लिए सुप्रीम कोर्ट और परिवहन विभाग द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनके अनुसार किसी भी वाहन में निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों को बैठाना बालकों की सुरक्षा से खिलवाड़ है और यह मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 तथा धारा 184 के तहत दंडनीय है। मानवाधिकार संरक्षण संघ ने इस मामले में बताया कि इस प्रकार निजी स्कूल की उक्त वैन द्वारा न केवल ओवरलोडिंग की गई, बल्कि बिना लाइसेंस चालक द्वारा वाहन चलाकर बच्चों की जान को खतरे में डालते कानून का गंभीर उल्लंघन किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते संस्था के महानिदेशक, प्राचार्य एवं अन्य।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गेटवे शिक्षा संस्थान के महानिदेशक डॉ. अमिक गर्ग, प्राचार्य डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विनय सिंगल और डॉ. मोहित बंसल की उपस्थिति में हुई। डॉ. अमिक गर्ग ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल औषधि वितरक नहीं, बल्कि रोगी सुरक्षा और समाज को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य डॉ. राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मैक्स स्वास्थ्य सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें रक्तचाप, शुगर, बीएमआई सहित कई परीक्षण किए गए और विशेषज्ञों ने परामर्श दिया।

## नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे कैबिनेट मंत्री

# स्वस्थ मां से परिवार-राष्ट्र होगा सशक्त: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के उत्थान को लेकर निरंतर मजबूत कदम उठाए हैं। स्वस्थ मां-सशक्त परिवार अभियान में महिलाओं की भागीदारी से राष्ट्र सशक्त होगा। प्रशासन, चिकित्सकों और आमजन से आह्वान किया कि वो प्रत्येक महिला को स्वास्थ्य जांच के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के लिए प्रेरित करें। शनिवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद नागरिक अस्पताल, गोहाना में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे। एसएमओ डॉ. संजय ने पुष्पगुच्छ भेंट करके मंत्री स्वागत किया। मंत्री ने शिविर में योजनाओं का अवलोकन करते लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड सौंपे। कहा कि बीते 11 साल के दौरान नारी सशक्तिकरण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से बेटियों के सामाजिक, शैक्षणिक उत्थान को लेकर और उन्हें भ्रूण हत्या से बचाकर जीवन देना सुनिश्चित किया गया। महिलाओं को राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, स्वास्थ्य संरक्षण के लिए पीएम मातृत्व योजना, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान, पोषण स्तर उत्थान कर लिए प्रधानमंत्री पोषण अभियान, आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन दीदी से लेकर बीमा सखी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से समाज व देश में बड़ा बदलाव आया है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने क्षय रोगियों को लायंस क्लब, गोहाना द्वारा उपलब्ध करवाई गई पोषण किट वितरित की। शिविर में 470 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा गया। एसएमओ डॉ. संजय , डॉ. दिनेश छिल्लर, डॉ. श्याम सुंदर, डॉ. छवि राठी आदि मौजूद रहे।


गोहाना। पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड सौंपते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

#### प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य की कामना

सेवा पखवाडा अभियान के तहत सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सोनीपत रोड पर पैट्रोल पंप के सामने स्थित अपने कार्यालय पर नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना करते हुए हवन किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, उनकी धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हवन में आहुतियां डाली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।


सोनीपत। रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते संस्था के पदाधिकारी एवं अन्य।

### शिविर में 40 ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मोत्सव पर शनिवार को सेक्टर-27 पुलिस स्टेशन में हरियाणा पुलिस और मां भारती रक्तवाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। सामान्य हॉस्पिटल की रक्तकोष टीम ने सहयोग से रक्त संकलन किया। शिविर में 40 रक्तवीरों ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया।

**सूचना**

मैं, लक्की पुत्री श्री अनूप निवासी गांव दोदवा, तहसील व जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करती हूं कि मैंने कक्षा 10वीं अप्रैल 2021 में पास की थी जिसका अनुक्रमांक 1021530669 है। मेरी 10वीं कक्षा की मार्कशीट में मेरी जन्मतिथि 31.10.2006 व आधार नंबर 780137592749 है जो कि गलत है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरी जन्म तिथि 30.10.2005 तथा मेरा आधार नंबर 780371592749 है जो कि सही व दुरुस्त है। अब मेरी 10वीं कक्षा की मार्कशीट में मेरी जन्म तिथि 30.10.2005 और आधार नंबर 780371592749 किया जाये और मेरी मार्कशीट दोबारा जारी की जाए।

## खबर संक्षेप

### हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक ले गए चोर, केज दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव ठरू में चोर सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने वाहन से टक्कर होने के बाद क्षतिग्रस्त बाइक को सड़क किनारे खड़ा किया था। इलाज के बाद वापस आया तो बाइक वहां पर नहीं मिली। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### 33 लाख रुपये सहित युवक लापता

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में बैंकों में ऑडिट का काम करने वाला एक युवक 33 लाख रुपये सहित संदिग्ध हालात में लापता हो गया। युवक नकदी लेकर कार में सवार होकर घर से निकला था। कई दिन बाद भी युवक का सुराग नहीं लग पाया है। युवक का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के गांव गढ़ शहजानपुर में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके दोस्त के घर मिला है। मृतक शुक्रवार की रात को दोस्त के घर गया था। उसके बाद सुबह परिवार को मौत की जानकारी मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने कंपनी के हब से 18 मोबाइल फोन चोरी की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हितेश उर्फ विक्की, निवासी मामुरपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 26 सितंबर को रितिनदीप सिंह ने थाना कुंडली में शिकायत दर्ज कराई।

## शहीद भगत की जयंती पर देशभक्ति के रंग में रंगा पूरा शहर

# देशभक्ति: एक किलोमीटर तिरंगे के साथ निकाली यात्रा

*प्रधानमंत्री मोदी की सरकार भगत सिंह के सपनों को पूरा कर रही : बड़ौली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शनिवार को बलिदानी मदनलाल ढींगरा स्टेडियम में बलिदानी भगत सिह की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एक किलोमीटर लंबे तिरंगे के साथ यात्रा निकाली गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में बलिदानी भगत सिंह के पौत्र और शहीर भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह संधू और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों और आम लोगों को बलिदानी भगत सिंह के आदर्शों का अनुसरण करके हुए देश की सेवा करने का संकल्प कराया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भगत सिंह की सोच थी कि गरीब व कमजोर की मदद की जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार इसी सोच पर काम करते हुए भगत सिंह के सपनों को पूरा कर रही है। भगत सिंह चाहते थे कि युवा नौकरी के लिए हाथ न फैलाएं बल्कि काम देने वाले बनें। यह सोच प्रधानमंत्री की है और वे स्टार्टअप से युवाओं को रोजगार देने वाला प्रेरित करते हैं।



**गोहाना।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहनलाल बड़ौली व मंचासीन गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### भगत सिंह हमारे दिलों में जिंदा : संधू

यादवेंद्र सिंह संधू ने कहा कि अंग्रेजों की सोच थी कि शहीद भगत सिंह को फांसी देकर उनकी आवाज दबा दी जाएगी और उसके उनका कोई नाम नहीं लेगा। अंग्रेजों की सोच के विपरीत हुआ और लाखों लोग स्वयं को भगत सिंह मान कर देश की आजादी के लिए आगे आए। आज भी भगत सिंह हमारे दिलों में जिंदा हैं। नगर परिषद की अध्यक्ष रजनी विरमानी व भाजपा के गोहाना के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि युवा भगत सिंह की सोच का अनुसरण करके देश की सेवा करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी महासंघ गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने की। कार्यक्रम का संयोजन शहीद भगत सिंह ब्रिगेड व सज्जन सेव संघ ने किया। संयोजक मास्टर राजेश लठवाल व जीत पहलवान ने दावा किया कि एक किलोमीटर लंबे राष्ट्रध्वज के साथ यात्रा निकालकर विश्व रिकार्ड बनाया गया।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह ब्रिगेड से रणजीत सिंह, इरशाद कुरैशी, विपिन झा, समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास, जनता विद्या भवन बुटाना के अध्यक्ष अजीत सांगवान, यशपाल आर्य, बबलू संधू, सुरेंद्र लठवाल और यश लठवाल शामिल रहे।

*इनसो ने भगत सिंह के जन्मदिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन*

## भगत सिंह ने की थी नौजवान भारत सभा की स्थापना



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित इनसो पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**सोनीपत।** जेजेपी पार्टी की छात्र इकाई इनसो के द्वारा शनिवार को दीनबंधु सर छोटूराम यूनिवर्सिटी मुरथल में शाहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी इनसो छात्र नेता शशांक चौधरी ने की और कहा कि शहीद भगत सिंह भारतीय इतिहास के सबसे साहसी और प्रभावशाली स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उन्हें उनकी बहादुरी, क्रांतिकारी विचारों और देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। शशांक चौधरी ने कहा कि शहीद भगत सिंह का जन्म पंजाब प्रांत के लायपुर जिले के बगा में 27 सितंबर 1907 को हुआ था। देश के सबसे बड़े क्रांतिकारी और अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को हिलाने वाले भगत सिंह ने नौजवानों के दिलों में आज भी राज क़ायम किया हुआ है। इस मौके पर मोहित जत्राणा, मोहित जत्राणा, विशाल आंतिल, संजीत चाहर, जतिन यादव, लक्ष्य चौहान, सावन आंतिल, रजत यादव, यशपाल, महेश, जतिन, संदीप, लक्ष्य, नौवल, मुकुल, युवराज आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण एवं अन्य।

### पुस्तक विमोचन समारोह का किया आयोजन

**सोनीपत।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मोत्सव और हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर शिवा शिक्षा सदन विद्यालय में पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मां भारती रक्तवाहिनी के महासचिव शिक्षक आर्य पवन दहिया की पहली काव्य संग्रह देविका – एक सुखद अहसास का लोकार्पण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. पूर्णमल गौड़, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवा शिक्षा सदन के निदेशक अरुण बंसल, कार्यक्रम अध्यक्षहिंदू शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल रहे। इस दौरान मां भारती रक्तवाहिनी की मार्गदर्शक स्नेह लता, अध्यक्ष विपिन कुमार गौड़, वर्मा लैब संस्थापक और सोनीपत समाज पंचायत से प्रवीण वर्मा, सेफ इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय सिंगला, सर छोटू राम वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रत्तनगढ़ के प्रधानाचार्य मेहर सिंह आर्य, जगदीश बत्रा, डॉ. सुभाष सिसोदिया प्राध्यापक, टीका राम गर्ल्स कॉलेज से प्रोफेसर डॉ. मोनिका कुमारी ने विशेष रूप से शिरकत की। आर्य पवन दहिया ने अपने काव्य संग्रह की यात्रा साझा कर शिक्षा और संस्कारों पर जोर दिया। समापन पर अतिथियों को सम्मान प्रतीक और पुस्तक भेंट की गई।

### भाषण प्रतियोगिता में शिवानी अव्वल

*■ राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित*

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में शनिवार को शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता विषय पर आधारित थी। मार्गदर्शन प्राचार्य अनिल कुमार का रहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक नसीब गुलिया ने किया। भाषण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शिवानी ने पहला, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल ने दूसरा और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अनिल कुमार ने विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदानी भगत सिंह का योगदान अविस्मरणीय रहा। आज की युवा पीढ़ी को उनसे देश प्रेम की प्रेरणा लेकर आगे बढने की जरूरत है।

*हरियाणा अनएडेड स्कूल ऐसोसिएशन की गोहाना इकाई का गठन*

## राजेश सहरावत संरक्षक व राजबीर शर्मा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-महम मार्ग स्थित एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को सीबीएसई से संबंधित विद्यालयों के मुखियाओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विचारविमर्श के बाद हरियाणा अनएडेड स्कूल एसोसिएशन की गोहाना इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन की जिला सोनीपत इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की।

कार्यक्रम में दून पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजेश सहरावत को संरक्षक और मेजबान एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा को सर्वसम्मति से गोहाना इकाई के अध्यक्ष चुना गया।



**गोहाना।** एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधियों के साथ नवगठित गोहाना इकाई के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अनिल मलिक उपाध्यक्ष व दीपक मान सचिव नियुक्त

*ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल गोहाना के एमडी अनिल मलिक को उपाध्यक्ष, मान इंटरनेशनल स्कूल के एमडी दीपक मान को सचिव, ग्लोबल पब्लिक स्कूल के एमडी पंकज जाले को सह सचिव और बाल भारती विद्यापीठ की प्राचार्या सुमन कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में ओम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. मंजीत खासा, गीता विद्या मंदिर के प्राचार्य अश्विनी कुमार विशेष आभारी सदस्य चुने गए। कार्यक्रम में ओम शांति वमावि नाथूपुर से एसोसिएशन के जिला संरक्षक योगराज भारद्वाज, जेकेआर पब्लिक स्कूल के एमडी राजबीर राठी, एमआर स्कूल की प्राचार्या अनीता शर्मा, अनिल सिंह, सुनील कुमार, नवजीत नरवाल व नरेंद्र उपस्थित रहे।*

## वार्ड नं. 14 में 2.25 करोड़ से होंगे विकास कार्य

**विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन की उपस्थिति में किया शुभारंभ**

■ बरसाती पानी की निकासी के लिए 57 लाख रुपये की लागत से पक्का नाला बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वार्ड 14 में शनिवार को विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन ने लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे जिन्होंने विधायक और मेयर का विकास कार्यों के लिए आभार जताया और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि लक्ष्मण कॉलोनी के मुख्य रास्ते ( रेवेन्यू रास्ते) में बरसाती पानी की निकासी के लिए 57 लाख रुपये की लागत से पक्का नाला बनाया जाएगा, ताकि लोगों को बरसात के समय जल भराव से निजात मिल सके। साथ ही मुख्य रास्ते को 49 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने बताया कि बाबा कॉलोनी में 36 लाख से इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा और मोहन नगर की कई गलियों को 32 लाख रु से सी सी द्वारा पक्का किया जाएगा। साथ ही मोहन नगर में 46 लाख रु की लागत से कुछ गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पक्का किया जाएगा। कुछ गलियों में सीवरेज लाइन बिछाने के बाद गली नहीं बनाई गई थी, ऐसी सभी गलियों को पक्का किया जाएगा।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक, मेयर एवं अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निगम पार्षद सूर्या दहिया, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी, भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक संजय ठेकेदार, सुरेंद्र भारद्वाज, प्रवीण सिसोदिया, हरि सिंह, पवन तनेजा, राजेश पुनिया, शैलेन्द्र तोमर, वीरेंद्र सिंह, विक्की शर्मा, मुन्नी लाल, सिकंदर यादव, नवीन, अश्वनी मलिक आदि लोग मौजूद रहे।



**गोहाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुणाल गहलावत व उसके सहयोगी।

### इनेलो रैली ने भीड़ की दृष्टि से सारे रिकार्ड तोड़े

**गोहाना।** इनेलो के जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि रोहतक में इनेलो की रैली भीड़ की दृष्टि से रिकार्ड तोड़ दिए। इस रैली की सफलता के बाद कांग्रेस पूरी तरह से हताश हो गई है। कांग्रेस, जजपा व अन्य विरोधी पार्टियों में अब केवल इनेलो का जिक्र है। गहलावत बरोदा हलका के अध्यक्ष सुरेंद्र सिरसाढ़ के यहां पार्टी नेताओं के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुणाल गहलावत ने कहा कि कुछ लोग रोहतक रैली के बारे में दुष्प्रचार कर रहे थे। अब लोगों ने दिखा दिया है कि अगले विधानसभा चुनाव में इनेलो ही भाजपा को हरा सकती है। इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने मुफ्त बिजली, पेंशन को दोगना करना, भ्रष्टाचार को खत्म करना और लोगों को सुरक्षा देना जैसे मुद्दों को रैली में घोषणा करके यह जता दिया है कि इनेलो की जनता की हितैषी है। इस मौके पर प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक, पूर्व एसपी अनूप दहिया, प्रदेश सचिव जोगेंद्र मलिक, गोहाना अध्यक्ष गोपाल जाजी, लोकसभा पूर्व प्रत्याशी भूपेंद्र मलिक, शहरी अध्यक्ष राजेश हसीजा, जिला पार्षद सुरेंद्र मलिक और मनजीत फौगाट मौजूद रहे।

## 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान होगा तेज

**हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए गांव-गांव जाएंगे कार्यकर्ता, बैठक में लिया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए कांग्रेस भवन में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान व ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आगे की रणनीति तय की और अभियान को और अधिक तेज करने पर सहमति जताई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अभियान के तहत जिले के हर गांव और वार्ड स्तर तक जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और लोगों को जोड़ा जाएग। बैठक में यह भी तय किया गया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमजन को जोड़ेंगे और आंदोलन को जन-आंदोलन का रूप देंगे। बैठक में शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती से वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। दिवान ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनेगी और हर अन्याय के खिलाफ डटकर खड़ी होगी। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया दहिया ने कहा कि जनता से सीधा जुड़ाव बनाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर किया जाएगा।



**सोनीपत।** बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कमल दिवान साथ में मंच पर मौजूद पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार एवं अन्य।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जगभगवान, ब्रिगेडियर सुरेंद्र शर्मा, जयवीर सिंह राठी, ऋतुराज, देवेंद्र मलिक, मुकेश, पन्नालाल, प्रेम नारायण गुप्ता, दयानंद वाल्मीकि, राकेश सौदा, लीलू प्रधान, इंद्रपाल, सत्यवीर निर्माण, आशा अहलावत, बिन्नी भारद्वाज, रंजीत कौशिक, संजय बड़वासनी, भूप सिंह और अमनदीप सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।



**गन्नौर।** जागरण में माता रानी व मौनी बाबा का आशीर्वाद लेते भक्तगण।

### वार्ड 13 दीप नगर में किया महामाई का गुणगान

**गन्नौर।** नवरात्रों में वार्ड 13 दीप नगर में महामाई का गुणगान किया गया। माता के जागरण में गायक चैन सिंह चंचल एंड पार्टी ने महामाई का गुणमान किया। जागरण में डेरा जाहरी चौक मौनी बाबा जोगेन्द्र शाह माता के भक्तों को आशीर्वाद देने पहुंचे। जागरण में दीप प्रज्जवलित मार्किट कमेटी के वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक, पूर्व नपा चेयरमैन सुनील लम्बू, पार्षद राजेश शर्मा ने वार्डवासी तकदीर मास्टर चिरस्मी, बलवान शर्मा, संजय पंडित, महेन्द्र पुगथला समस्त दीप नगरवासियों के सहयोग से दीप प्रज्जवलित करके किया। मौनी बाबा जोगेन्द्र शाह महाराज ने कहा कि माता रानी की भक्ति हमें सदैव सत्य, धर्म और मानव सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे धार्मिक आयोजन में एकता, भाईचारा और साकारात्मक उर्जा का संचार करते है। नवरात्रों में माता दुर्गा सभी भक्तों पर कृपा बनाए रखे, सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। इसके बाद भंडारे की व्यवस्था रामनिवास, राजेश यादव, सीमा छिक्कारा वार्ड के अन्य लोगों ने संभाली।



साहिल ग्रोवर।

### साहिल बने मेरा युवा भारत के जिला सलेक्शन कमेटी सदस्य

**सोनीपत।** युवा एवं खेल मंत्रालय ने मेरा युवा भारत के जिला सलेक्शन कमेटी के सदस्य के रूप में साहिल ग्रोवर को नियुक्त किया है। वह पहले भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं। वर्तमान में वह भाजपा युवा मोर्चा के सोशल मीडिया हरियाणा के सह संयोजक भी है। अपनी नियुक्ति पर साहिल ग्रोवर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा का आभार जताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**धर्म-कर्म** सबसे पहले प्रभु श्रीराम ने रखा था नवरात्रि का व्रत

# शक्ति की विजय का उत्सव है नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

देशभर में 22 सितम्बर से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो चुका है। इन पावन नौ दिनों में करोड़ों श्रद्धालु शक्ति और पराक्रम की प्रतीक देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर व्रत रखते हैं। नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि लोकमान्यताओं और पुराणों में वर्णित शक्ति की विजय का उत्सव भी है। इस बार नवरात्रि के अवसर पर डॉ. मनमोहन मिश्रा ने मां दुर्गा की उत्पत्ति और नवरात्रि व्रत की शुरुआत के पीछे की कथा को विस्तार से बताया। नवरात्रि व्रत की शुरुआत कब और किसने की, इस पर डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि बाल्मीकि पुराण के अनुसार, सबसे पहले प्रभु श्रीराम ने नवरात्रि का व्रत रखा था। त्रेतायुग में आश्विन माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवमी तक श्रीराम ने विधिवत दुर्गा पूजा कर



आशीर्वाद प्राप्त किया। दशमी के दिन उन्होंने रावण का वध किया। इस प्रकार नवरात्रि व्रत की परंपरा श्रीराम से आरंभ हुई। आज भी नवरात्रि का पर्व शक्ति, आस्था और विजय का प्रतीक बनकर देश-दुनिया में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

### महिषासुर से मुक्ति, मां दुर्गा की उत्पति

*पुराणों के अनुसार, मां दुर्गा की उत्पत्ति असुरों के राजा रंभ के पुत्र महिषासुर के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए हुई थी। महिषासुर ने तपस्या कर ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त किया कि उसे देवता या दानव युद्ध में परास्त नहीं कर पाएंगे। वरदान के प्रभाव से वह अत्यंत शक्तिशाली और अहंकारी हो गया। उसने स्वर्ग लोक पर कब्जा कर देवताओं को परास्त कर दिया। भगवान शिव और भगवान विष्णु भी उसे हराने में असमर्थ रहे। महिषासुर का आतंक तीनों लोकों में फैल गया और देवता, ऋषि-मुनि सभी व्यथित हो उठे। तब भगवान शिव और विष्णु ने सभी देवताओं की शक्तियों को मिलाकर एक तेजस्वी स्वरूप को प्रकट करने का निर्णय लिया। सभी देवताओं के तेज और शस्त्रों से एक दिव्य शक्ति उत्पन्न हुई, जिन्हें मां दुर्गा कहा गया। शिवजी ने उन्हें त्रिशूल, विष्णु जी ने चक्र, ब्रह्मा जी ने कमल का फूल, वायु देवता ने नाक और कान, पर्वतराज ने वस्त्र और शेर प्रदान किया। यमराज के तेज से उनके केश बने, सूर्य से पांव, प्रजापति से दांत और अग्निदेव से आंखें बनीं। इस प्रकार सभी देवताओं के सामूहिक तेज और शस्त्रों से मां दुर्गा का प्राकट्य हुआ। मां दुर्गा और महिषासुर के बीच नौ दिनों तक भीषण युद्ध चला और अंततः नौवें दिन देवी ने उसका वध कर दिया। तभी से इन नौ दिनों को शक्ति की विजय के प्रतीक के रूप में नवरात्रि के रूप में मनाया जाने लगा।*



### मां स्कन्दमाता की हुई भव्य आरती

**सोनीपत।** नवरात्र महोत्सव के पांचवें दिन श्री चण्डी मां महाकाली प्राचीन मन्दिर सिद्धपीठ (पंजी.) में कामी रोड सोनीपत मां स्कन्दमाता का पूजन हुआ। भगवान स्कन्द की माता होने के कारण इन्हें स्कन्दमाता नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती है। आज के दिन साधक जन अपने मन को विशुद्ध चक्र में स्थित करते हैं। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर प्रधान सेवक देवेंद्र कुच्छल, दीपांशु जैन, जन सेवा जागृति मंच, भगवान सिंगला, विपिन कुच्छल, नरेंद्र सिंह राठौड़, प्रमोद गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुभाष बंसल आदि मौजूद रहे।